प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर कल शिमला पहुँची। वे छराबड़ा स्थित सरकारी आवास रिट्रीट में ठहरी हैं। राष्ट्रपति आज लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित रात्रि भोज में शामिल होंगी। उनका कल अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी और ऐतिहासिक सुरंग को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगी। हमारे लाहौल स्पीति ज़िला संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं और प्रशासन ने लोगों के लिए विशेष एडवाईज़री जारी की है।

लाहौल–स्पीति में प्रस्तावित राष्ट्रपति दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक का पूरा मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों और पैदल आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। केवल वही वाहन और अधिकारी इस मार्ग से गुजर सकेंगे, जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी वैध पास होगा। जिला प्रशासन ने आम लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि इस अवधि में अनावश्यक यात्रा से बचें और पुलिस व प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यक सेवाएं इस दौरान जारी रहेंगी। आकाशवाणी के लिए लाहौल से मैं सुरेंद्र कुमार।

राष्ट्रपति 30 अप्रैल को कांगड़ा जिला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस पार्टी का दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर कांगड़ा में आयोजित किया जाा रहा है। इस शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को शिरकत करेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में आज भाग लेंगे। उनका पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री इसके अलावा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय निकाय चुनावों पर चर्चा कर रणनीति बनाएंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और आए दिन जघन्य अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का कोई भय नहीं रह गया है जो चिंता का विषय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि शांत और देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश में अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

भाजपा बैठक

इस बीच नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा की आज शिमला में बैठक होगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में इन चुनावों को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तहत निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों को विधायक निधि से 15 लाख रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और आपसी सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के मकसद से ये फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध चुने जाने पर संबंधित संस्थाओं की अनुदान राशि को डेढ़ से सात गुणा तक बढ़ाया है।

चुनाव

राज्य चुनाव आयोग ने शिमला जिला के रोहड़ू नगर परिषद और नारकंडा नगर पंचायत में चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक दोनों निकायों में 22 मई को मतदान होगा। 5 से 7 मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे जबकि 8 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 11 मई को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम वापिस ले सकेंगे।

जांच

शिमला जिला के रोहड़ू उपमंडल के अंतर्गत कुलगांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान फायरिंग में हुई एक महिला की मौत की घटना के संबंध में जिला प्रशासन ने मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। शिमला के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पंकज शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है जिन्हें सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपनी होगी।

मौसम

प्रदेश में बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद आज राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में वर्षा होने का अनुमान लगाया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक शुभम कटियार के अनुसार अनेक क्षेत्रों में ओलावृष्टि, आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।